# 2022

## HINDI

## ( MIL Communication )

Paper : HIN–AE–1014

( हिन्दी व्याकरण और सम्प्रेषण )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) भाववाचक संज्ञा का एक उदाहरण दीजिए।

(ख) क्रिया किसे कहते हैं?

(ग) 'नेपाली' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है?

(घ) व्यंजन वर्ण किसे कहा जाता है?

(ङ) 'उत्थान' का विलोम शब्द क्या है?

(च) समास किसे कहते हैं?

(छ) 'कान भरना' मुहावरे का आशय स्पष्ट करें।

(ज) 'कवियित्री' शब्द का शुद्ध रूप क्या है?

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No. ........
Date........
* Nagaon : Assam *

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No. ............
Date............
* Nagaon : Assam *



(झ) सर्वनाम की परिभाषा दीजिए।

(ञ) 'संप्रेषण' शब्द के लिए अंग्रेजी में कौन-सा शब्द प्रयुक्त होता है?

(ट) 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ठ) विशेषण की परिभाषा दीजिए।

(ड) 'खुशकिस्मत' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग को चिह्नित कीजिए।

(ढ) 'पल्लवन' का क्या अर्थ है?

(ण) क्रिया-विशेषण विकारी शब्द है या अविकारी शब्द?

(त) उपसर्ग किसे कहते हैं?

(थ) मौखिक संप्रेषण का क्या अर्थ है?

(द) निम्नलिखित वाक्य का शुद्ध रूप लिखिए :
कृपया आज के लिए अवकाश मंजूर करने की कृपा करें।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं? एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(ख) 'अति' उपसर्ग जोड़कर दो शब्द बनाइए।

(ग) पूर्वकालिक कृदन्त क्या है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(घ) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :
नौका, गंगा





Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No. ............
Date............
* Nagaon : Assam *

(ङ) प्रश्नवाचक सर्वनाम के दो उदाहरण दीजिए।

(च) संक्षेपण की अवधारणा दर्शाइए।

(छ) विस्मयादिबोधक अव्यय क्या है? एक उदाहरण दीजिए।

(ज) हिन्दी स्वरों की संख्या का उल्लेख करते हुए उनके चिह्न अंकित कीजिए।

(झ) 'नाच न जाने आँगन टेढ़ा' लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ञ) निम्नलिखित व्याख्यांशों के लिए उपयुक्त एक-एक शब्द लिखिए :

*(i)* जिसे तत्काल उचित उत्तर या उपाय सूझ जाय

*(ii)* जैसा उचित हो वैसा

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×4=20

(क) संप्रेषण का महत्त्व स्पष्ट करिए।

(ख) निम्नलिखित कथन का भाव पल्लवन कीजिए :
'घी का लड्डू टेढ़ा भला'

(ग) संज्ञा की परिभाषा देकर व्यक्तिवाचक और समूहवाचक संज्ञा का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

(घ) हिन्दी की तालव्य, मूर्धन्य, दंत्य और ओष्ठ्य ध्वनियों का उल्लेख कीजिए।

(ङ) संबंधसूचक अव्यय और समुच्चयबोधक अव्यय के तात्पर्य विवेचित कीजिए।

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No. ..........
Date..........
* Nagaon : Assam *

(च) प्रत्यय के भेदों पर विचार कीजिए।

(छ) निश्चयवाचक और अनिश्चयवाचक सर्वनाम पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(ज) मुहावरा एवं लोकोक्ति क्या है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) हिन्दी में प्रत्ययों के प्रयोग पर सोदाहरण विवेचन कीजिए।

(ख) समास के भेदों को रेखांकित कीजिए।

(ग) शब्द-शुद्धि एवं वाक्य-शुद्धि पर उदाहरण सहित प्रकाश डालिए।

(घ) संक्षेपण के नियमों पर विचार कीजिए।

(ङ) 'पर्यायवाची शब्द' तथा 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(च) संप्रेषण के प्रकारों पर आलोकपात कीजिए।

(छ) हिन्दी भाषा में व्यवहृत होनेवाले किन्हीं पाँच मुहावरे और किन्हीं पाँच लोकोक्तियों का अर्थ सहित विवेचन कीजिए।

(ज) विशेषण के भेदों का उदाहरण सहित परिचय दीजिए।

(झ) विलोम शब्द क्या है? हिन्दी में विलोम शब्द-निर्माण के प्रचलित तरीकों का वर्णन कीजिए।

(ञ) क्रिया के भेदोपभेदों का वर्णन कीजिए।

★★★